## रंगोली में दीप जलाकर लोगों को रूकने किया मजबूर

# एनएच 30 पर रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- रंगोली व दीप देखने लोगों का लगा तांता
- हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया

चुनाव में सभी मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने सुगम, सुघ्घर, समावेशी मतदान के लक्ष्य और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा विश्वसनीय मतदान के उद्देश्य को लेकर ऊपर नीचे रोड में क्लब के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर छात्रों ने रंगोली बनाई और उसके बाद रंगोली में दीप प्रज्वलित किया, जिसे देखने के लिए उस मार्ग से गुजरने वालों के पहिए थम गए। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न और नायाब तरीके से नए वोटर्स और लोगो को मतदान के महत्व को दर्शाते हुए शासकीय इन्दू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर के छात्रा दलों ने स्विप कार्यक्रम के तहत 3 नवंबर को शहर के व्यस्ततम मार्ग ऊपर नीचे रोड क्लब के सामने विशाल आकार की रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी की। जिला प्रशासन के सहयोग में हुई महारंगोली प्रदर्शनी को लोगो ने बड़े ही गौर से देखा और निश्चित ही मतदान को लेकर अपनी एक कीमती वोट देश के लिए कितना जरूरी होता है उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही मतदान जागरूकता के साथ ही दीपावली के इस पावन पर्व पर रंगोली में दीप की रोशनी कर नए उजाले साथ, नए विश्वास के साथ लोगो को इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई। जिला प्रशासन स्वीप ▸▸ शेष पेज 12 पर




## एनएच 30 पर रंगोली ...

जागरूकता का जिला शिकायत समन्वयक ऋषि जैन, जनपद पंचायत कांकेर के नरेगा की कार्यक्रम अधिकारी सुमन कौर, तकनीकि सहायक चंद्रभान जैन, तकनीकि सहायक देवेंद्र गिलहरे, डीपीआरसी संकाय सदस्य पंकज सिन्हा, विनीत शोरी तथा उनके स्टाफ एवं कन्या महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना अजय कुमार पटेल तथा छात्राओं में अनुराधा नेताम, नीता नेताम, कृतिका साहू, हीना साहू, निरूपा शोरी का विशेष योगदान रहा।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

रायपुर, शनिवार 15 दिसंबर, 2018 | 1

समाजसेवा • शाहवाड़ा में इंदरु केंवट कन्या कॉलेज की रासेयो इकाई का शिविर जारी, रंगमंच की मरम्मत भी की

# एनएसएस छात्रों ने कचरा जुटाकर बनाई कंपोस्ट खाद

भास्कर न्यूज़|कांकेर

इंदरु केंवट कन्या कॉलेज की रासेयो इकाई का शिविर ग्राम शाहवाड़ा में जारी है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता स्थायित्व के लिए युवा अभियान के तहत ग्रामीणों के सहयोग से गांव का कचरा एकत्र किया और नाडेफ के कचरा संग्रहण में कंपोस्ट खाद बनाया। इसके अलावा रंगमंच का जीर्णोद्धार भी किया।

स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर, शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य, आयुष केंद्र परिसर, रेसीडेंशियल कॉलोनी, बाजार हाट परिसर, देवगुड़ी परिसर, हाईस्कूल ग्राउंड, पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला परिसर, तालाब की घाट एवं पचरी, गांवभर के हैंडपंप के आसपास का कचरा एकत्र किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में खराब हो चुके मंच का ग्राम पंचायत के सहयोग से जीर्णोद्धार किया। इस दौरान राजेंद्र शोरी, बालमुकुंद देवांगन, भरत पटेल, कुबेर सिंह ठाकुर, सरपंच जागेश्वरी कुंजाम, स्रोत जुर्री, संरवन साहू, द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, मन्नाराम साहू, जयंतीलाल मंडावी, नाथूराम कोड़ोपी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल, देवीदास किशन मिंजे आदि उपस्थित थे।




स्वयंसेवकों ने शाहवाड़ा में अभियान चलाकर कचरा एकत्रित किया।

## ग्रामीणों को कंपोस्ट खाद बनाने की बताई विधि

स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक देवीदास किशन मिंजे ने बताया कचरा हमारा वेस्ट मटेरियल नहीं बल्कि संसाधन है। इसमें से नॉन बायो डिग्रेडेबल पॉलीथिन, कांच, प्लास्टिक मटेरियल को अलग कर दे तो बाकी बायो डिग्रेडेबल अच्छा खाद बन सकता है। इसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए खेत, सब्जी बाड़ी में डाल सकते हैं। उन्होंने कम्पोस्ट खाद बनाकर उनकी बनाने की विधि, उपयोगिता, और उससे आय के स्रोत पर चर्चा की। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ डोर टू डोर गांव भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

Scanned with CamScanner

## प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने इस अभियान के लिए दी शुभकामनाएं

# आज से थोड़ा कम अभियान बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

होम साइंस डिपार्टमेंट शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय के द्वारा एनएसएस सेल के सहयोग से लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के मद्देनजर द ईट राइट मूवमेंट और आज से थोड़ा कम अभियान की पहल की जा रही है, इसके तहत होम साइंस के स्टूडेंट्स और एनएसएस वालंटियर्स अपने परिवार की सेहत को ध्यान में रखकर जो भी खाद्य सामग्री तैयार करेंगे उनमें नमक, चीनी और तेल की मात्रा कम करेंगे और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने इस अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए




कहा कि खानपान में छोटा सा बदलाव हमारी जीवनशैली में होने वाली बीमारियों से हमें बचा सकता है। इस अभियान के संचालक और फूड एण्ड न्यूट्रिशन एक्सपर्ट प्रो. अजय कुमार पटेल का मानना है कि खानपान में छोटा कदम उठाकर बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। आज के वैश्विक महामारी के दौर में अपने शरीर को तंदरुस्त और इम्युनिटी को मजबूत बनाये रखना आवश्यक है। नमक, चीनी और तेल की वजह से मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, डाईबीटिज, आंखों की खराबी और किडनी फैल जैसे खतरनाक रोग हो रहे हैं। इसलिए जरुरी है कि भोजन में तेज नमक न खाएं, नमकीन स्नैक्स कम से कम खाएं, दही और सलाद में उपर से नमक न डालें, तला हुआ भोजन कम खाएं, पापड़, चटनी व प्रोसेस्ड फूड कम खाएं, केक, पेस्ट्रीज की मात्रा कम करें, फ्रूट जूस की जगह फल खाएं, बच्चों को ज्यादा चॉकलेट ना खिलाएं। अगर आपको सेहत मंद और तंदरुस्त रहना है तो अपने खाने में नमक की मात्रा प्रतिदिन पांच ग्राम से ज्यादा ना लें और नियमित व्यायाम करें। अगले चरण में इस अभियान को अलग-अलग संस्थाओं से जोड़कर समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में कॉलेज के स्टॉफ प्रो. मनोज कुमार, डॉ. क्षमा ठाकुर, प्रो. प्रीति पटेल, मनीषा नाग सहित गृह विज्ञान की ग्रुप लीडर छात्राएं निशा कुरेटी, उषा कोर्राम, कीर्ति कुंजाम, सत्या चक्रधारी, कीर्तिका साहू, हीना साहू, गीतिका साहू, वीणा पटेल सहित एनएसएस वालंटियर्स अंजू नेताम, पेमिका नेताम, खुशबू साहू इत्यादि का सराहनीय योगदान है।

Scanned with CamScanner

नवभारत www.navabharat.ne
रायपुर, शनिवार 9 जनवरी 2021 4

# गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सम्मनित होगी गर्ल्स कॉलेज की छात्रा निरूपा




● नवभारत | कांकेर
www.navbharat.org

शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय की एलुमिनी सदन की पूर्व छात्रा निरूपा सलाम ने बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के 66 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मैडल जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है.

जिसके लिए गर्ल्स कॉलेज के एलुमिनी सदन ने बैठक आयोजित कर बधाईयां दी हैं. महाविद्यालय में नैक गुणवत्ता मूल्यांकन की दृष्टि से कीतिर्मान रचने वाले मेधावी छात्राओं की प्रेरणात्मक भूमिका का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों के क्रियाकलापों को पोस्टर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से नए प्रवेशित छात्राओं को प्रेरणा दी जा रही है. निरूपा सलाम को गणतंत्र दिवस के दिन जिला स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा. यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल ने दी.

कांकेर पत्रिका 10 पत्रिका
कांकेर, शुक्रवार, 8 जनवरी 2021

# राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग में निरूपा ने जीता गोल्ड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कांकेर.** शा. इंदरु केंवट कन्या कॉलेज की एलुमिनी सदन की पूर्व छात्रा निरूपा सलाम ने बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के 66 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज को गौरवान्वित किया है। गर्ल्स कॉलेज के एलुमिनी सदन ने बैठक आयोजित कर उन्हें बधाई दी।

कॉलेज में नैक गुणवत्ता मूल्यांकन की दृष्टि से कीर्तिमान रचने वाले मेधावी छात्राओं की प्रेरणात्मक भूमिका का रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। उत्कृष्ट प्रतिभागियों के क्रियाकलापों को पोस्टर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से प्रवेशित छात्राओं को प्रेरणा दी जा रही है। ऑनलाइन अध्यापन के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक खेलकूद, ललितकला, एनएसएस तथा रेडक्रॉस, विविध क्रियाकलापों के कीर्तिमान रचने वाले छात्राओं को उनकी प्रेरणात्मक भूमिका कर लिए महाविद्यालय में आमंत्रित कर वर्चुअल माध्यम से प्रेरित एवं संदेशित किया जा रहा है। इस अभिनव कार्यक्रम में प्रो. बी. समुंद पारंपरिक हरीतिमा विकास, प्रो. सुनील साहू रेडक्रॉस, प्रो. मनोज कुमार इको ग्रीन क्लब संयोजक, डॉ. क्षमा ठाकुर आदि ने बधाई दी।

Scanned with CamScanner

**उत्सव** • शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव, मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

# दिखाई छत्तीसगढ़ी संस्कृति, बालीवुड गीतों पर थिरके

भास्कर न्यूज | कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नृत्य, गीत के साथ नाटक प्रस्तुत किए। छात्राओं ने 26 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य कर प्रदेश की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। मंच पर मेधावी छात्राओं का सम्मान भी किया गया।




कांकेर। कन्या कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## कॉलेज में प्रथम आने वाले होंगे पुरस्कृत

कॉलेज जनभागीदारी समिति के सदस्य तथा विधायक प्रतिनिधि कमला गुप्ता ने कहा कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल बनाने ध्यान दिया जाएगा। विशेष अतिथि शाहवाड़ा के मन्नाराम ने कहा जो भी इस वर्ष कॉलेज में प्रथम आएगा वे उन्हें पुरस्कृत करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य सीआर पटेल ने भी छात्राओं को संबोधित किया। मंच संचालन प्रो. सुनील साहू ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक बी समुंद, आरपी टंडन, जेके बारले, डीआर टंडन, अजय पटेल, मनोज गोटी, क्षमा ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर मंच से मेधावी छात्रा अनुराधा नेताम, कृति कुंजाम, खेलकूद के लिए सविता, एनएसएस की निशा कोरेटी को सम्मानित किया गया।

मंच पर पंजाबी डांस के अलावा बालीवुड गीतों पर नृत्य की धूम रही। एनएसएस छात्राओं ने बारहमासी नृत्य किया। अर्चना ने रंगीला मारो... पर नृत्य किया। पेमिका, चंचल ने छत्तीसगढ़ी डांस किया। साइकिल से आया टूरा गीत पर निशा, अमृता ने नृत्य प्रस्तुत किया। गौरी पोया ने छत्तीसगढ़ी गीत पर पारंपरिक नृत्य किया। जानकी एवं खुशबू ने पंजाबी डांस किया। पेमिका, बरखा के अलावा भानमती, रीना तुलसी, अनुराधा एवं नीता ने रीमिक्स पर ग्रुप डांस किया। बेटी बचाओ पर अर्चना ने संदेश परक गीत प्रस्तुत किया। एनएसएस से जुड़ी छात्राओं ने महिला उत्पीड़न तथा स्वच्छता पर नाटक प्रस्तुत किया। दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने प्रतिभागियों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया।

Scanned with CamScanner

### गर्ल्स कॉलेज के रासेयो छात्राओं ने लगाया दो दिवसीय शिविर

# जिले का पहला प्लास्टिक मुक्त गांव बनेगा शाहवाड़ा

■ नवभारत | कांकेर

जिले का प्रथम प्लाटिक मुक्त गांव बनाने के उद्देश्य एवं प्लास्टिक फ्री कांकेर जिले के संकल्पना को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको ग्रीन क्लब शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय के तत्वाधान एवं जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कांकेर तथा रासेयो इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहवाड़ा के सहयोग से दो दिवसीय शिविर आज से ग्राम शाहवाड़ा, विकासखंड चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर में लगाया जा रहा है. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता बापूजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथी सरपंच श्रीमती जागेश्वरी कुंजाम, विशिष्ट अतिथी ग्राम सचिव स्रोत जुर्री, छात्रावास अधीक्षक शाहवाड़ा विष्णु शोरी, समर्थन सेंटर फॉर डेवेलपमेंट सपोर्ट कॉकेर राजेन्द्र शोरी, उपसरपंच सरवन साहू, कन्या




महाविद्यालय के इको क्लब ग्रीन कोर के संयोजक प्रो.मनोज कुमार एवं नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल तथा एनएसएस स्वयंसेवकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पूरे उत्साह और जोश के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ. प्लास्टिक मुक्त गाँव की अभियान की शुरुआत जागरूकता गोष्ठि से किया गया. जिसमें सरपंच जागेश्वरी कुंजाम ने बताया कि स्वच्छता की आदत हर व्यक्ति में होना जरूरी है मानसिक, शारीरिक और सामाजिक शिक्षा तभी पूर्ण होगी जब हर घर, पूरे गांव मे स्वच्छता हो खासकर प्लास्टिक की सफाई जो पर्यावरण में सैकड़ों साल तक पड़ा रहता है. पर्यावरण और इको ग्रीन एक्सपर्ट प्रो. मनोज कुमार ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और प्रकृति के नुकसान को बताते हुए प्लास्टिक कचरे का एकत्रीकरण, सूखा और गीला कचरे में बाँटना, बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बीओडिग्रेडेबल के आधार पर उसका उचित निपटारा करना एवं उसके उपचार रिड्यूस, रियुज और रिसाईकल के सिद्धांत से किया जा सकता है. संगोष्ठी के पश्चात स्वच्छता युक्त, प्लास्टिक मुक्त जागरूकता रैली सचिव स्रोत जुर्री और राजेंद्र शोरी के दिशादर्शन में बुलंद नारों एवं प्रेरक शब्दों से गांव के सभी संकरी गली, मोहल्ला, स्कूल, बाजार, अस्पताल, आंगनबाड़ी हर जगह स्वच्छता प्लास्टिक मुक्त संदेश को पहुंचाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण विष्णु शोरी, बालमुकुन्द मंडावी, किरण कोरेटी, पिनकेश्वरी साहू, स्वयंसेवक प्रियंका गोटा, योगेश्वरी साहू, रेणुका मटियारा, कंचन मौर्य के साथ मिटानी , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचगण एवं गणमान्य नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा. कार्यक्रम में जिला पंचायत स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कॉकेर, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, युवा मंडल, महिला मंडल इत्यादि का उत्कृष्ट योगदान रहा.


Scanned with CamScanner

जागरुकता

# छात्राओं को गुड टच-बैड टच और बचाव की पुलिस ने दी जानकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



जागरुकता... इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी।

कांकेर. महिला सशक्तिकरण की महती उद्देश्य को साकार करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक केएल ध्रुव के दिशा-निर्देशन एवं एसडीओपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में पुलिस रक्षा संवेदना टीम के महिला आरक्षक सदस्यों के द्वारा जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वुमेन हेल्प लाइन नम्बर, वेब डेस्क रक्षा टीम, जैसी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कराया जा रहा है।

शासकीय इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में संवेदना कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में महिला आरक्षक सरोज मंडावी एवं उनके साथियों द्वारा छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बचाव के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि जब कोई आपको इस तरह से टच करे तो आपको उससे बुरा लगे या आप सहज महसूस कर रहे हैं तो यह बैड टच हो सकता है। अगर कोई अनजान व्यक्ति आपके प्राइवेट पार्ट्स या कई अन्य जगह आपको गलत तरीके से छूने की कोशिश करे तो यह बैड टच होता है। वहीं अगर कोई आपके साथ गलत हरकत करे और बोले कि किसी को बताना मत तो यह बैड टच होता है। ऐसे अवांछनीय हरकतों की शिकायतें शिक्षक व पालकों से करने को कहा गया। आजकल सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, ईमेल, इंटरनेट, चैटिंग, मैसेज द्वारा लड़कियों को कैसे ब्लैकमेलिंग करके उनके फोटो या व्यक्तिगत गोपनीय चीजों के माध्यम से फ्रॉड कर उनके अधिकारों के हनन करते हैं। उसके कारण, होने वाले व्यक्तिगत एवं समाजिक प्रभाव और उनसे बचने के तरीके के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसी बीच टीम द्वारा आत्मरक्षा के बहुत से स्टेप प्रैक्टिकल करके बताए कि कैसे पहले खुद को सुरक्षित रखें एवं छेड़खानी या गलत इशारे का तुरंत विरोध करें। छात्राओं को हेल्प लाइन नम्बर डायल 112, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 तथा 181, 100 नम्बरों की जानकारी एवं इसके उपयोग के विषय में बताया गया। टीम के सदस्यों में अंजू कड़ावी, दिव्या वट्टी, पद्मिनी साहू, ममता टांडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में करीब 170 छात्राएं



व शिक्षकगण स्टॉफ मौजूद थे। कार्यक्रम आयोजन से छात्राएं बहुत ही उत्साहित नज़र आयीं एवं कॉलेज स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया।

Scanned with CamScanner

नईदुनिया 03
रायपुर, बुधवार 12 दिसंबर 2018

### महिलाओं की शक्ति, सशक्तिकरण और एकता पर दिया गया जोर

# महिला सम्मेलन में क्रीड़ा स्पर्धा से स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

कांकेर। नईदुनिया न्यूज

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य व कचरा प्रबंधन पर महिला सम्मेलन व खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस जागरूकता महिला सम्मेलन मुख्य आतिथ्य डॉ. आयशा कुरैशी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अध्यक्षता सरपंच जागेश्वरी कुंजाम ने की।

उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण व शौचालय के उपयोग, गंदगी से होने वाली बीमारी व उनके बचाव, नशामुक्ति अभियान, महिलाओं की संगठन शक्ति, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के समाज में स्थान तथा उनकी शिक्षा पर खुल कर चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से कैसे हम स्वच्छता अभियान को तेज कर समाज में अच्छा बदलाव ला सकते हैं तथा समस्त शिविरार्थियों व ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता की शपथ भी उन्होंने दिलाई।




शिविर को विशिष्ट जनों ने भी संबोधित किया।



महिलाओं के बीच हुई मनोरंजक जलेबी दौड़ प्रतियोगिता।

इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा विभाग से संस्था प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल, डॉ. प्यारे लाल आदिले, प्राचार्य जेबीडी, डॉ. आरपी टंडन, प्रो. मनोज गोटी, देवीदास किशन मिंजे, राजेन्द्र शोरी, बालमुकुंद देवांगन, सलाहकार भरत पटेल, डॉ. राज सिंह मंडावी, मनीषा रावटे, कार्यकर्ता बुद्देश्वरी साहू, पंच, कोटवार कचरा बाई, युवा मंडल, महिला मंडल, भजन मंडली सहभागिता की। गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक रेखा सोम, खिलेन्द्री कश्यप, मनभा सलाम, लोकेश्वरी भुआर्य, दीपिका यादव, नादिरा मंडावी, कविता गोयल, गौरी पोया ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, रस्सी खीच, बिस्किट खाओ प्रतियोगिता, मटका फोड़, जाल और मछली प्रमुख है। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गेश्वरी मंडावी, द्वितीय रेखा साहू (पंच), जाल और मछली प्रतियोगिता में प्रथम रमा निषाद, द्वितीय खिलेश्वरी यादव, बिस्किट खाओ प्रतियोगिता में प्रथम रेखा साहू, द्वितीय वंदना कोड़ोपी, मटका फोड़ प्रतियोगिता में ग्राम शाहवाड़ा से फुलेश्वरी सेन, गायत्री साहू, रस्सी खींच प्रतियोगिता में प्रथम कन्या महाविद्यालय समूह व द्वितीय शाहवाड़ा महिला समूह रहे। वंदना विश्वकर्मा, दीप्ति सोनी, गायत्री मेश्राम, प्रीति पटेल, डॉ. क्षमा ठाकुर, जीएस बघेल, प्रो. अजय कुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

# पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता जागरुकता पर मिला सम्मान

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कन्या कॉलेज को मिली पहचान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कांकेर.** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर को पत्रिका न्यूज ग्रुप, 95 एफएम रेडियो तड़का और एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त प्रायोजकत्व में 19 जनवरी को हॉटल सिंघानिया सरोवर पोर्टिको रायपुर के कान्फ्रेंस हॉल में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय सम्मान समर्पण सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी अवार्ड 2019 से नवाजा गया है।

समर्पण अवार्ड के लिए राज्य भर के लोगों ने आवेदन दिए थे, जिसे बहुत जांचने और परखने के बाद चुनिंदा लोगों और संस्था को अवार्ड दिए गए। जिन्होंने अपने हौसले और जज्बे के बलपर खुद एक मिसाल बनकर अपने अपने क्षेत्र में समाज को नई दिशा दिखाई है। पुरस्कार के लिए व्यक्तिगत तौर पर एनजीओ द्वारा और व्यावसायिक संस्था के तहत 12 केटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। जिसमें भूख एवं गरीबी उन्मूलन, लोक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण, स्थानीय कला संस्कृति का विकास, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का विकास, जानलेवा बीमारियों की रोकथाम, पर्यावरण सुरक्षा एवं पौधरोपण, जल संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन एवं शिक्षा, खुले में शौच मुक्ति, बाल शोषण एवं मानव तस्करी, खेलों का विकास शामिल थे।

18/03/19

Scanned with CamScanner